हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, गुरुवार, 6 नवंबर 2025

12 गुरूद्वारा जगजीवनपुर में गुरुपर्व पर समागम...



12 श्री रघुनाथ मंदिर में श्रीरामचरित मानस पाठ का भोग डाला



## खबर संक्षेप

### नशीली दवाइयों सहित आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** ड्रग्स इंस्पेक्टर सुनील कुमार व डिंग थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार की संयुक्त पुलिस टीम ने बुधवार को एक महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर गांव भावदीन में छापेमारी कर एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से काफी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद किया गया है। पुलिस प्रशासन के मुताबिक पुलिस पार्टी को महत्वपूर्ण सूचना मिली कि गांव भावदीन में एक व्यक्ति करियाणे की दुकान की आड़ में नशीली गोलियां बेचने का धंधा करता है।

### बैडमिंटन-तैराकी को लेकर जिला स्तर पर ट्रायल आज

**फतेहाबाद।** जिला खेल अधिकारी विष्णु दास ने बताया कि खेल विभाग, हरियाणा द्वारा आयोजित होने वाली बैडमिंटन व तैराकी खेलों की राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली जिला स्तरीय टीम के खिलाडिय़ों के चयन हेतु 6 नवंबर को जिला फतेहाबाद में जिला स्तरीय ट्रायल निर्धारित स्थलों पर सुबह 9 बजे आयोजित होंगे। चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

### गोली चलाकर घायल करने पर आरोपी गिरफ्तार

**रतिया।** गांव रत्ताखेड़ा में एक युवक पर गोली चलाने के मामले में कार्रवाई करते हुए रतिया पुलिस ने नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान अजय कुमार, पुत्र बलबीर सिंह, निवासी इम्प्लॉइज कॉलोनी, रतिया के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया प्रभारी उप-निरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि 27 जुलाई को गुरप्रीत सिंह पुत्र मुख्त्यार सिंह निवासी रत्ता खेड़ा ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी।

### नशीली गोलियां बेचने पर तीसरा आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** नशीली गोलियां बेचने के मामले में कार्रवाई करते हुए जाखल पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक की पहचान हमेश उर्फ बंटू उर्फ बाबा पुत्र काका सिंह, निवासी कोदाईल, थाना मुनक, जिला संगरूर पंजाब के रूप में हुई है। थाना जाखल प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि 21 अगस्त को थाना क्षेत्र में नशीली गोलियों की अवैध बिक्री करने वाले आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस प्रकरण में पुलिस पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

### सकड़ हादसे में आरोपी चालक को पकड़ा

**फतेहाबाद।** सडक़ हादसे के एक मामले में कार्रवाई करते हुए भुना पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार किया है। थाना भुना प्रभारी उप-निरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि शिकायतकर्ता कृष्ण कुमार पुत्र सतपाल सिंह निवासी ढाणी सांचला, जिला फतेहाबाद ने बताया कि उसके भाई संदीप की बाईक को अज्ञात ट्रक चालक ने टक्कर मार दी, जिससे उनकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई।

### बाइक चोरी के मामले में युवक को किया काबू

**फतेहाबाद।** मोटरसाइकिल चोरी के मामले में टोहाना पुलिस ने एक युवक को काबू किया है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रह्लाद सिंह ने बताया कि राममेहर पुत्र श्री राजकुमार, निवासी कमालवाला, हाल कृष्णा कॉलोनी, टोहाना ने पुलिस को शिकायत शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार 14 अक्टूबर की सुबह लगभग 11 बजे उसके मित्र रमेश कुमार पुत्र बलदेव सिंह, निवासी गांव दनोदा कलां, तहसील नरवाना, जिला जींद ने अपनी मोटरसाइकिल हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस अपने घर के बाहर गली में खड़ी की थी। वापस आकर देखा को बाइक गायब मिली।

## विकास कार्यों को लेकर पार्षदों का धरना जारी, बोले

# राजनीतिक शह के चलते चेयरमैन की भी बात नहीं मानते नगरपरिषद के अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फतेहाबाद

नगरपरिषद अधिकारियों की मनमानी और विकास कार्य ठप्प होने से खफा पार्षदों ने बुधवार को दूसरे दिन भी नगरपरिषद कार्यालय में धरना जारी रखा। फतेहाबाद से कांग्रेस विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने धरनास्थल पर जाकर पार्षदों को अपना समर्थन दिया। पार्षदों का आरोप है कि सभी वार्डों में गली व सौंदर्यीकरण का काम नहीं हो रहा और सफाई व्यवस्था सही नहीं हो रही। बीघड़ रोड पर गंदगी के ढेर लगे हैं। परिषद के लगभग सभी पार्षदों का कहना है कि नगरपरिषद में अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। अपने चहेते नेताओं के काम कर रहे हैं। राजनीतिक शह के चलते अधिकारी नगरपरिषद प्रधान व उपप्रधान की भी नहीं सुनते। नगरपरिषद के पास बैंकों में करीब 90 करोड़ रुपये पड़े हैं लेकिन शहरवासी मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे हैं।

बता दें कि वार्ड नंबर दो से पार्षद सुभाष नायक ने वार्ड में विकास कार्य न होने से परेशान होकर सोमवार से नगरपरिषद कार्यालय में धरना शुरू कर दिया था। रातभर वह कार्यालय में धरने पर बैठे रहे। इस दौरान उनकी तबीयत भी बिगड़ गई थी। अगले दिन मंगलवार को नगरपरिषद प्रधान, उपप्रधान सहित 22 पार्षद सुभाष नायक के समर्थन में उतर आए और नगरपरिषद में धरने पर बैठ गए। पार्षद सुभाष का कहना है कि उन्हें जनता ने चुनकर भेजा है और उनकी मांग हाउस मीटिंग में काम रखना है। चेयरमैन ने भी विकास कार्यों की फाइल साइन कर अधिकारियों को भेजी हुई है, लेकिन अधिकारी काम नहीं कर रहे। पार्षद मोहन लाल नारंग ने बताया कि हमने एजेंडे अधिकारियों को दे रखे हैं। वीरवार को नगरपरिषद हाऊस की मीटिंग होगी, जिसके बाद ही पता चल पाएगा कि अधिकारियों का रवैया बदला है या नहीं।



फतेहाबाद। नगरपरिषद कार्यालय में धरने पर बैठे पार्षद।

### तीन साल से एजेंडे पास नहीं किए

पार्षद मोहन लाल नारंग ने कहा कि अधिकारियों की मनमानी चल रही है। तीन साल से एजेंडे पास नहीं किए। रिव्यू मीटिंग नहीं की। पार्षदों ने कहा कि अग्रवाल चौक से लेकर डिवाइडर है, उसका काम नहीं हो रहा, फाइल भेजी हुई है। सड़कें टूटी पड़ी है, ठेकेदार काम नहीं कर रहे, 6-6 माह से बंद पड़े हैं। प्रॉपर्टी आईडी वेरिफिकेशन के लिए याशी कंपनी को पैसे दे दिए, पर वो काम नहीं हो रहे। लोग यहां कार्यालय में चक्कर काट रहे हैं। शहर में सफाई के लिए 90 कर्मचारी लगाए हुए है, उनमें 40 से 50 ही काम करते हैं। बाकी कहां है, इसका कोई पता नहीं, न ही गाडियां पर्याप्त है। पार्षद इन्हीं समस्याओं के समाधान को लेकर धरने पर बैठे हैं।



सिरसा। फसलों का नुकसान का जायजा लेने पहुंचे पटवारी। फोटो : हरिभूमि

# कालांवाली क्षेत्र में तेज तूफान से फसलों को हुआ नुकसान

15 घंटे बाद भी ओले की बनी बर्फ खेत में मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कालांवाली

कालांवाली क्षेत्र में बीते बुधवार शाम को आए तूफान ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। तेज बारिश व ओलावृष्टि होने से सरसों की फसल बर्बाद हो गई है, वहीं गेहूं की बिजाई प्रभावित हुई है जो अगेती गेहूं बिजाई की हुई थी, वह भी खराब हो गई है। वहीं धान व सरसों आदि की फसल खराब होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। 15 घंटे बाद भी किसानों के खेतों में ओले की बनी बर्फ खेत में मिली है। सूचना मिलने पर कालांवाली से हलका पटवारी सुशील कुमार,पटवारी सुखपाल सिंह कृषि विभाग के अधिकारियों ने गांव गदराना, लक्कड़वाली, सुखचैन और गॉव खतरावां के खेतों में पहुंचकर तेज आई आंधी से व ओलावृष्टि से फसलों के नुकसान का जायजा ले रहे हैं। किसानों का कहना है कि गांव गदराना, लक्कड़वाली, सुखचैन व खतरावां में तेज बारिश हुई। प्रशासन द्वारा विशेष गिरदावरी कराकर मुआवजा दिया जाए। किसानों ने कहा कि उनके खेतों में ट्यूबवेल पर लगे सौलर प्लेट भी तेज आंधी के कारण टूट कर दूसरे खेतों में जा गिरी है। किसानों ने बताया कि फसलों के साथ-साथ खेतों में लगाए हुए पेड़ भी टूटने से काफी नुकसान हुआ है। किसानों ने बताया कि अगेती सरसों की बिजाई की हुई सरसों की फसल बर्बाद हो गई है। किसान गुरदास सिंह सहित अन्य किसानों ने कहा कि कल तेज बारिश के ओलावृष्टि ने तूफान का रूप लेते हुए सभी प्रकार का नुकसान किया है।

*रिटायर्ड कर्मचारी संगठन की बैठक आयोजित*

# कैबिनेट मंत्री के आवास पर प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर लगाई ड्यूटियां

- 26 नवंबर को किया जाएगा मंडल स्तरीय प्रदशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फतेहाबाद

रिटायर्ड कर्मचारी संगठन फतेहाबाद की मासिक बैठक पुराना पीडबल्यूडी रेस्ट हाऊस में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के जिला प्रधान मुंशीराम कम्बोज ने की व संचालन सचिव सुभाष चन्द्र चौहान ने की। बैठक में सेवानिवृत कर्मचारियों की लंबित मांगों के अलावा 26 नवंबर को कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के हिसार निवास पर किए जाने वाले मंडल स्तरीय प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। जिला प्रधान द्वारा प्रदर्शन में भागीदारी को लेकर संगठन पदाधिकारियों की ड्यूटियां भी लगाई गई। उन्होंने दावा किया कि इस प्रदर्शन में फतेहाबाद से भारी संख्या में सेवानिवृत कर्मचारी भाग लेंगे। बैठक में सेवानिवृत कर्मचारी मदन गोपाल नारंग का जन्मदिन भी मनाया गया। रिटायर्ड कर्मचारी संगठन ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर 25 नवम्बर को दिल्ली में जंतर-मंतर पर किए जाने वाले प्रदर्शन को भी समर्थन दिया।बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान मुंशीराम कम्बोज ने कहा कि आठवीं वेतन आयोग को लेकर सरकार द्वारा अत्यंत कठोर शर्तें तय की गई है। यह बातें तभी आती है जब कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को आर्थिक लाभ उपलब्ध करवाने का मामला सामने आता है।



फतेहाबाद। रिटायर्ड कर्मचारी संगठन की बैठक को संबोधित करते निहाल सिंह मताना।

*नकली केबल, पुरानी मोटर लगाने पर वार्डवासियों ने दिया अल्टीमेटम*

# एक सप्ताह में कार्रवाई नहीं हुई तो करेंगे भूख हड़ताल : भुल्लर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिरसा

पब्लिक हैल्थ विभाग के अधिकारियों द्वारा शहर के वार्ड नंबर 26 में पुरानी मोटर व नकली केबल लगाने के मामले में कार्रवाई न होने से रोषित वार्डवासियों ने बुधवार को धरना देकर नारेबाजी कर रोष का इजहार किया। वहीं वार्डवासियों ने संबंधित विभाग व प्रशासन को एक सप्ताह का अल्टीमेटम देते हुए भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अगर एक सप्ताह में कार्रवाई नहीं हुई तो लघु सचिवालय में सभी वार्डवासी भूख हड़ताल पर बैठेंगे।

धरना दे रहे जसबीर सिंह भुल्लर, रफी मोह मद, मनप्रीत सिंह, कुलविंद्र सिंह, बक्शीश सिंह, कुलविंद्र कौर, सुरेंद्र कौर, संदीप कौर, बिमला देवी, कमला देवी, राधारानी, लाली सहित अन्य वार्डवासियों ने बताया कि करीब 2 माह पूर्व वार्ड नंबर 26 में वार्डवासियों को पेयजल किल्लत न हो, इसके लिए नया बोर करवाया गया था। ट्यूबवैल के लिए नई मोटर व कंपनी की केबल लगाने का प्रावधान था, लेकिन पब्लिक हैल्थ अधिकारियों ने यहां सभी नियमों का ताक पर रखते हुए पुरानी मोटर को पेंट कर लगा दिया और केबल भी कंपनी की लगाने की बजाय नकली लगाकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली। उन्होंने बताया कि वार्डवासियों ने मोटर व केबल की विडियो भी बना रखी है।



सिरसा। नकली केबल पुरानी मोटर लगाने के विरोध में प्रदर्शन करते वार्डवासी।

### ये लगाया आरोप

वार्डवासियों का आरोप है कि अकेला उनके वार्ड में ही नहीं, अन्य वार्डों में भी इसी प्रकार भ्रष्टाचार कर नए की जगह पुराना सामान लगाया जा रहा है। उन्होंने इस संबंधी मुख्यमंत्री हरियाणा, विभाग के कमिश्नर, विभाग के अधीक्षक, इंजीनियर चीफ हैल्थ पंचकुला, जिला उपायुक्त सिरसा, एसपी सिरसा, विभाग के एसडीओ को शिकायत भेजी हुई है, लेकिन कहीं से भी उन्हें न्याय नहीं मिला। अब भूख हड़ताल के सिवाय उनके पास और कोई विकल्प नहीं है। इस दौरान अगर किसी वार्डवासी के पास कोई अप्रिय घटना होती है तो उसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारी व जिला प्रशासन जिम्मेदार होंगे।

### मुनीम से लूट के मामले में पुलिस ने एक ओर युवक को दबोचा

**रतिया।** अनाज मण्डी के एक मुनीम के साथ मारपीट कर नकदी लूटने के मामले में कार्रवाई करते हुए रतिया पुलिस ने एक ओर युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान जगजीत सिंह उर्फ जाट, पुत्र सतपाल सिंह, निवासी वार्ड नंबर 12, रतिया के रूप में हुई है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में हिसार जेल भेजा गया है। थाना शहर रतिया प्रभारी उप-निरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि रोहित पुत्र सुरजीत सिंह, निवासी गांव टिब्बी ने पुलिस को दी शिकायत में कहा था कि वह अनाज मंडी रतिया में मुनिम का कार्य करता है। 18 फरवरी शाम को लगभग सवा 7 बजे जब वह भूना रोड स्थित बड़ी नहर पुल के पास पहुंचा, तो तीन अज्ञात युवकों ने उसकी मोटरसाइकिल रोककर मारपीट की और उसके पास से 2 हजार नकद व एक मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। शिकायत के आधार पर थाना शहर रतिया में धारा 309, 238 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। इस मामले में पुलिस पहले ही एक आरोपी को गिरफ्तार कर चुकी है। इसी कड़ी में पुलिस ने अब दूसरे आरोपी जगजीत सिंह उर्फ जाट को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# नशे के दलदल से निकाल एक युवक को फतेहाबाद पुलिस ने दिलाई नई जिंदगी, दिया रोजगार का सहारा

*इंजेक्शन लगाने से शरीर में हो गए थे गहरे जख्म*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फतेहाबाद

ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत नशा मुक्ति टीम युवाओं का चिकित्सकीय उपचार और काउंसलिंग कर रही है, बल्कि उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर भी बना रही है। इसी क्रम में एसआई सुन्दर के नेतृत्व में एक दिल को छू लेने वाला मामला सामने आया। रतिया क्षेत्र का एक युवक, जो वर्षों से नशे की गिरफ्त में था, जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा था, लगातार इंजेक्शन लगाने से उसके शरीर में पस भरे गहरे जख्म हो गए थे। परिवार ने भी उससे मुंह मोड़ लिया था। ऐसे में एसआई सुन्दर और उनकी टीम ने इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए उस युवक को न केवल उपचार करवाया, बल्कि उसकी दिन-रात देखभाल कर इलाज करवाया।



फतेहाबाद। नशे का शिकार युवक। फोटो : हरिभूमि

### स्वस्थ होने पर बढ़ाया मनोबल

टीम ने उसके जख्मों की सफाई की, दवाइयों से पट्टियां बदलीं और उसका पूरा उपचार कराया। धीरे-धीरे जब वह स्वस्थ हुआ तो टीम ने उसका मनोबल बढ़ाया और जीवन में नई शुरुआत का हौसला दिया। उपचार के बाद पुलिस ने उस युवक को समाज की मुख्य धारा से जोडऩे के लिए रोजगार का भी सहारा दिलाया। आज वह युवक पूरी तरह नशामुक्त होकर सामान्य जीवन व्यतीत कर रहा है और दूसरों को नशे से दूर रहने की प्रेरणा दे रहा है। एसपी सिद्धांत जैन ने नशा मुक्ति टीम के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह टीम समाज में उम्मीद की किरण जगा रही है।

### लाखों का इलेक्ट्रॉनिक सामान हड़पने पर गुजरात के दो काबू

**फतेहाबाद।** धोखाधड़ी कर लाखों रुपये का इलेक्ट्रॉनिक सामान हड़पने के मामले में कार्रवाई करते हुए टोहाना पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी गुजरात के सूरत के रहने वाले हैं। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रह्लाद सिंह ने बताया कि इस बारे आशु गोयल पुत्र विजय गोयल निवासी मार्बल सिटी कॉलोनी, टोहाना ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार नामजद आरोपियों ने षड्यंत्रपूर्वक उसकी फर्म से लाखों रुपये का इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदकर भुगतान नहीं किया, जिससे उसके साथ धोखाधड़ी हुई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज किया था। पुलिस जांच के दौरान पहले ही एक आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका था। इसी मामले में पुलिस ने अब दो अन्य नामजद आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान वैभव कटरोदिया पुत्र प्रवीन कटरोदिया निवासी लक्ष्मी रेजीडेंसी, कटार गांव रोड, सूरत तथा प्रवीन कटरोदिया निवासी लक्ष्मी रेजीडेंसी, कटार गांव रोड, सूरत, गुजरात के रूप में हुई है।

**धर्म-कर्म** मार्गशीर्ष में की पूजा व व्रत करने पर धर्म से लेकर मोक्ष तक की होती है प्राप्ति

# आज से मार्गशीर्ष शुरू, विष्णु अवतार भगवान कृष्ण को अति प्रिय है यह माह

- यह पूरा महीना जप, तप और ध्यान के लिए सर्वोत्तम : सोनू

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फतेहाबाद

भगवान कृष्ण का अतिप्रिय महीना मार्गशीर्ष का आज 6 नवंबर से आरंभ हो रहा है। इस पवित्र माह का शुभारंभ कार्तिक पूर्णिमा के अगले दिन से होता है। मार्गशीर्ष का समापन 4 दिसंबर को पूर्णिमा के साथ होगा। श्री श्याम मंदिर फतेहाबाद के पुजारी पंडित सोनू शर्मा के अनुसार यह पूरा महीना जप, तप और ध्यान के लिए सर्वोत्तम माना जाता है। इस महीने को भगवान विष्णु का प्रिय महीना कहा गया है। शास्त्रों में उल्लेख मिलता है कि इस पवित्र मास में स्नान, दान, दीपदान और व्रत करने से पापों का नाश होता है तथा मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है। भगवान श्रीकृष्ण ने इस माह के विषय में गीता में भी बात की है। उन्होंने यह भी कहा है कि जो लोग मुझे पाना चाहते हैं, वह इस माह मेरे लिए तप करें और किसी पवित्र नदी में स्नान करके मुझे पा सकते हैं। इसलिए इस माह जो श्री कृष्ण के भक्त होते हैं, वो लड्डू गोपाल की पूजा जरूर करते हैं।



फतेहाबाद। श्री श्याम मंदिर। फोटो : हरिभूमि

### इस प्रकार करें लड्डू गोपाल का पूजन

पंडित सोनू शर्मा के अनुसार सूर्योदय से पूर्व पवित्र नदी में स्नान करना चाहिए। तांबे के लोटे से सूर्य को जल अर्पित करना चाहिए। सुबह के स्नान और आरती के लिए घंटी बजाएं। पवित्र जल से लड्डू गोपाल को स्नान कराएं और नया वस्त्र पहनाएं। इस माह लड्डू गोपाल को केसर का तिलक लगाएं। लड्डू गोपाल की आरती करें और तिल एवं गुड़ का का भोग जरूर लगाएं। गर्म दूध, तिल के लड्डू, मीठे परांठे और सीजनल सब्जी एवं फल को भोग स्वरूप जरूर चढ़ाना चाहिए। 108 बार कुं कृष्णाय नमः मंत्र का जाप भी जरूर करना चाहिए। पूजा के बाद बाल गोपाल को सूर्य की किरणों में ले जाएं।

### यह करने से मिलेगा लाभ

पंडित सोनू शर्मा के अनुसार मार्गशीर्ष माह में गंगा, यमुना, आदि पवित्र नदी में स्नान करना अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। नदी में स्नान न कर सकें तो घर पर पवित्र नदी का जल या तुलसी की पत्तियों पानी से स्नान करें। मार्गशीर्ष महीने में गरीबों-जरूरतमंदों को दान जरूर करें, सामथ्र्य अनुसार अन्न, वस्त्र, कंबल, गुड़ और तिल का दान करें। दान करने से पाप नष्ट होंगे।

### मार्गशीर्ष का महीना शांत और स्वास्थ्य वर्धक

*पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि मार्गशीर्ष का महीना बहुत शांत और स्वास्थ्य वर्धक है। इस महीने का वैज्ञानिक रूप से भी महत्व है। इसमें हरी सब्जियां और फल की नई फसल आती है, जिससे शरीर का अलग से ऊर्जा मिलती है। इससे शरीर में नई ऊर्जा का संचार होता है। पंडित सोनू शर्मा ने कहा कि यह माह भगवान विष्णु और उनके अवतार भगवान श्रीकृष्ण को अत्यंत प्रिय है। यह महीना आत्मिक शुद्धि और भक्ति के लिए सर्वश्रेष्ठ माना गया है। इस माह को भगवान श्रीकृष्ण का ही स्वरूप माना गया है। पूरे महीने उनकी विशेष उपासना करने से मन को शांति मिलती है और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। उन्होंने बताया कि पौराणिक कथाओं के अनुसार मार्गशीर्ष माह से ही सतयुग का आरंभ हुआ था। यही कारण है कि यह महीना इतना पवित्र और विशेष है। मान्यता है कि इस महीने में श्रद्धापूर्वक किए गए शुभ कर्मों से व्यक्ति के लिए स्वर्ग के द्वार खुल जाते हैं।*



पंडित सोनू शर्मा।



डॉक्टर्स सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## जब बॉर्डर लाइन पर हो शुगर लेवल



**मेरी उम्र 52 वर्ष है। मेरा ब्लड शुगर लेवल बॉर्डर पर रहता है। मैं अपनी डाइट और लाइफस्टाइल कैसी रखूं, जिससे भविष्य में भी डायबिटीज से बचा रहूं?**

**-नामदेव, डोंगरगढ़**

इसके लिए आपके खान-पान में बदलाव सबसे ज्यादा जरूरी है। खाने में मीठा लेना बिल्कुल बंद कर दें। साथ ही चावल, आलू और मैदा की चीजें खाने से बिल्कुल बचें। तली-भुनी चीज भी कम से कम खाएं। सुबह-शाम नियमित रूप में आधे घंटे एक्सरसाइज करें। एक्सरसाइज ऐसी हो, जिससे आपको पसीना निकले। इस तरह बदलाव करके आपको राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 44 वर्ष है। मैं दो वर्षों से बीपी की दवा ले रहा हूं। लेकिन फिर भी बीपी 90/140 रहता है। क्या यह नॉर्मल है? मुझे क्या करना चाहिए?**

**-विनीत, कुरुक्षेत्र**

वैसे इस बीपी रेंज को आजकल की लाइफस्टाइल में नॉर्मल बोला जाता है, लेकिन यह और कम हो तो ज्यादा बेहतर है। इसके लिए आप खाने में नमक की मात्रा कम करें। साथ ही ऊपर से नमक वाली चीजें जैसे अचार, चटनी, पापड़ खाने से परहेज करें। अधिक तला-भुना और बाहर की डिशेज भी खाना कम कर दें। इस तरह बदलाव से आपको और थोड़ी राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 66 वर्ष है। मुझे दो-तीन महीने से दिन में किसी समय भूख नहीं लगती है। खाना ना खाने से कमजोरी महसूस होने लगी है, प्लीज बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-ओंकार, भोपाल**

भूख क्यों नहीं लगती, आप इस बात पर गौर करें। क्या आपका डाइजेशन सिस्टम ठीक नहीं है? अगर ऐसा है तो आपको पहले अपना डाइजेशन सिस्टम ठीक करना होगा। इसके लिए खाने में हल्की चीजों के साथ में दही और सलाद लेना होगा। अगर ऐसा नहीं है और भूख कम लगने के साथ सुस्ती भी महसूस होती है तो एक बार आपको डॉक्टर से संपर्क कर जांच करवा लेनी चाहिए।

**मेरी उम्र 39 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरे पेट के निचले हिस्से में हल्का दर्द होता रहता है। खाने के बाद बढ़ जाता है। प्लीज बताएं ऐसा क्यों हो रहा है?**

**-चंदन, बिलासपुर**

आपको किसी डॉक्टर से संपर्क कर पेट का अल्ट्रासाउंड कराना चाहिए, जिससे पता चलेगा कि कारण क्या है? आप बता रहे हैं कि खाने के बाद दर्द निचले हिस्से में होता है। हालांकि कई बार संक्रमण की वजह से भी ऐसा होता है। लेकिन बगैर जांच किए कुछ भी कहना ठीक नहीं है। फिलहाल अधिक ऑयली खाना बिल्कुल बंद कर दें।

**मेरी उम्र 28 वर्ष है। मेरा वजन 90 किलो है। कृपया अपना वेट नॉर्मल करने का कोई कारगर उपाय बताएं।**

**-राजवीर, जबलपुर**

आपका वजन बहुत ज्यादा है। आपको एक बार अपनी बीएमआई यानी बॉडी मास इंडेक्स चेक करा लेना चाहिए। इसके साथ ही खाने-पीने में आपको ध्यान देना चाहिए। अधिक तला-भुना खाना और चावल, आलू, मैदा की चीजों के सेवन से बिल्कुल बचें। रात में हल्का खाना खाएं। कोशिश करें कि गेहूं के आटे की रोटी कम खाएं। इसकी जगह मिलेट्स का आटा खाएं। वह फायदेमंद रहेगा। खाने में फल और सलाद भी शामिल जरूर करें। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

---



डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. अशोक कुमार वैद
चेयरमैन-मेदांता कैंसर इंस्टीट्यूट
मेदांता-दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

कुछ समय पहले तक कैंसर को लाइलाज बीमारी माना जाता था। लेकिन अब ऐसा नहीं है। समय रहते अगर इसका पता चल जाए तो नई मेडिकल तकनीकों के जरिए पूरी तरह इसका ट्रीटमेंट संभव है। लेकिन इसके लिए अवेयर रहना बहुत जरूरी है। कैंसर अवेयरनेस मंथ (नवंबर) के अवसर पर कैंसर के कारण, उसके लक्षणों, उपचार और बचाव के बारे में यहां एक्सपर्ट डॉक्टर विस्तार से बता रहे हैं।

## बरतें सावधानी-रहें जागरूक संभव है कैंसर से बचाव-उपचार







- *दुनिया भर में होने वाली मौतों में हृदय रोग के बाद, कैंसर दूसरा सबसे बड़ा कारण है।*
- *भारत में हर साल करीब 14 लाख नए कैंसर के मामले सामने आते हैं और लगभग 7.5 लाख लोगों की मृत्यु कैंसर से होती है।*
- *देश में लगभग 80% मरीजों का इलाज तब शुरू होता है, जब रोग तीसरे या चौथे चरण में पहुंच चुका होता है।*

अब वे दिन नहीं रहे, जब कैंसर को मौत की पूर्व चेतावनी माना जाता था। ऐसा इसलिए, क्योंकि पिछले दो दशकों में कैंसर की जांचों और इसके इलाज के क्षेत्र में जो अभूतपूर्व बदलाव हुए हैं, उनके कारण इससे छुटकारा पाने और पुनः स्वस्थ होने की संभावनाएं अतीत की तुलना में अब काफी हद तक बढ़ गई हैं। लेकिन ऐसा तभी हो सकता है, जब लोग इसको लेकर अवेयर रहें।

### क्यों होता है कैंसर

अमेरिकन कैंसर सोसायटी के अनुसार, कैंसर तब होता है जब शरीर की कोशिकाओं के डीएनए में बदलाव आ जाता है। यह बदलाव कोशिकाओं की सामान्य वृद्धि रोक देता है और वे अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं, जिससे ट्यूमर बनता है। धीरे-धीरे यह ट्यूमर आस-पास के ऊतकों या दूसरे अंगों में फैल सकता है।

### लक्षणों पर ध्यान दें

कैंसर के शुरुआती लक्षण इस प्रकार के हो सकते हैं-

- किसी मामूली से घाव या जख्म का लंबे समय तक न भरना।
- बिना किसी बीमारी या वजह के लगातार वजन घटना (6 महीनों में 10% से अधिक)।
- शरीर में किसी भी स्थान पर कोई कठोर या बढ़ती हुई गांठ महसूस होना।
- बिना कारण बार-बार बुखार या खून की कमी (एनीमिया) होना।
- मल या पेशाब में अकसर खून आना।
- लगातार थकान, भूख कम लगना या पेट में भारीपन।
- तिल या मस्से का आकार या रंग बदलना।



इनमें से कोई भी एक या अधिक लक्षण दिखें तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श करें।

### जीवनशैली का कैंसर से संबंध

वैज्ञानिकों के अनुसार, सिर्फ 5-10% कैंसर ही आनुवंशिक कारणों से होते हैं। लगभग 30–50% कैंसर को रोका जा सकता है, अगर हम अपनी जीवनशैली की आदतों को सुधारें।

**जंक फूड्सः** अपने खान-पान में संतुलित आहार जैसे साबुत अनाज, दाल, दूध, हरी सब्जियों और मौसमी फलों आदि के स्थान पर जंक फूड्स और पैकेज्ड फूड को लंबे समय तक वरीयता देना कालांतर में पेट के किसी भाग में या फिर बड़ी आंतों (कोलन) के कैंसर के खतरे को बढ़ा देता है।

**धूम्रपानः** धूम्रपान से शरीर में ऐसे तमाम केमिकल्स, फेफड़ों में जाते हैं, जो कालांतर में जींस में गड़बड़ी उत्पन्न कर सकते हैं और यह स्थिति एक अर्से बाद कैंसर का जोखिम बढ़ा देती है। फेफड़ों के कैंसर का एक प्रमुख कारण धूम्रपान है।

**तंबाकू चबानाः** किसी भी रूप में तंबाकू उत्पादों का सेवन मुंह, गाल, जीभ के अलावा गले के कैंसर के जोखिम को बढ़ा देता है।

**शारीरिक श्रम-व्यायाम न करनाः** जो लोग अपनी दिनचर्या में शारीरिक श्रम और व्यायाम को नियमित रूप से शामिल नहीं करते, वे कालांतर में मोटापे से ग्रस्त हो जाते हैं। मोटापा कालांतर में कैंसर का एक प्रमुख कारण बन सकता है, क्योंकि यह शरीर की जेनेटिक संरचना और शरीर के कुछ अंगों पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। सिटिंग जॉब या बैठकर काफी समय तक काम करना जैसे कंप्यूटर, लैपटॉप, स्मार्टफोन पर काफी वक्त बिताना आदि स्थितियां कालांतर में मोटापे का कारण बनती है। स्तन, गर्भाशय और बड़ी आंत के कैंसर का एक कारण मोटापा हो सकता है।

**वायु प्रदूषणः** इससे फेफड़ों के कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं। देश के अनेक महानगरों और छोटे नगरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एयर क्वालिटी इंडेक्स) दिनोंदिन खराब होता जा रहा है जिस सूचकांक को 100 के अंदर होना चाहिए वह 300 के पार जा रहा है। यह लोगों के फेफड़ों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। यह स्थिति कालांतर में फेफड़ों के कैंसर के खतरे को बढ़ा देती है।

**शराब का सेवनः** अकसर शराब का सेवन करना, एक वक्त के बाद कैंसर के जोखिम को बढ़ा देता है।

### कैंसर ट्रीटमेंट के तरीके

पिछले दो दशकों में कैंसर के इलाज में जबरदस्त प्रगति हुई है। अब कई प्रकार के कैंसर शुरुआती चरण में पूरी तरह ठीक हो सकते हैं।



**सर्जरीः** ट्यूमर को निकालने के लिए इसे यूज करते हैं।

**कीमोथेरेपीः** नई दवाओं से अब इसके साइड इफेक्ट कम हुए हैं।

**रेडिएशन थेरपीः** अब गामा नाइफ और साइबर नाइफ जैसी आधुनिक तकनीकें मौजूद हैं।

**टारगेटेड थेरपीः** केवल कैंसर कोशिकाओं को निशाना बनाकर नष्ट किया जाता है, स्वस्थ कोशिकाएं सुरक्षित रहती हैं।

**इम्यूनोथेरेपीः** शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत कर कैंसर कोशिकाओं से लड़ने में मदद करती है। अगर पहले या दूसरे चरण में कैंसर का पता चल जाए, तो इन विधियों से लगभग 80% मामलों में सफल इलाज संभव है।

### इन बातों पर दें ध्यान

- ब्रेस्ट कैंसर की रोकथाम के लिए ब्रेस्ट सेल्फ एग्जामिनेशन स्क्रीनिंग और मैमोग्राफी 40 साल की उम्र के बाद साल में एक बार हर महिला को जरूर करवानी चाहिए।
- मुंह के कैंसर की जांच साल में एक बार डॉक्टर से परामर्श लेकर वे लोग अवश्य करवाएं, जो किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन या धूम्रपान करते हैं।
- प्रोस्टेट कैंसर (जो पुरुषों में होता है) की जांच के लिए पीएसए नामक ब्लड टेस्ट कराया जाता है। आमतौर पर 65 वर्ष के ऊपर के व्यक्तियों को इस टेस्ट को डॉक्टर के परामर्श से कुछ अंतराल पर कराते रहना चाहिए।
- शरीर में किसी भी स्थान पर और खासतौर पर महिलाओं के ब्रेस्ट्स में गांठ या अन्य प्रकार की असामान्यता महसूस होने पर शीघ्र अपने डॉक्टर से परामर्श लें। इसमें देर करना ट्रीटमेंट के प्रोसेस को बढ़ा सकता है। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

### कैंसर से जुड़ी गलतफहमियां

कैंसर के बारे में कई मिथ्स प्रचलित हैं। इनकी सच्चाई जानना सभी के लिए जरूरी है।

**मिथकः** कैंसर छूने से फैलता है।

**फैक्टः** कैंसर कोई संक्रामक रोग नहीं है। यह एक व्यक्ति से दूसरे में नहीं फैलता।

**मिथकः** सर्जरी से कैंसर फैल जाता है।

**फैक्टः** वैज्ञानिक रूप से यह बिल्कुल गलत है। सर्जरी करवाने से कैंसर नहीं फैलता।

**मिथकः** बच्चों को कैंसर नहीं होता है।

**फैक्टः** दुर्लभ होते हुए भी बच्चों में भी कैंसर हो सकता है, प्रायः आनुवंशिक कारणों से।

**निष्कर्षः** कैंसर अब लाइलाज नहीं रहा। समय पर जांच, सही इलाज और स्वस्थ जीवनशैली से इसे हराया जा सकता है।

बचाव के लिए धूम्रपान छोड़ें, नियमित व्यायाम करें, संतुलित आहार लें और स्वास्थ्य जांच को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। सावधानी ही सबसे बड़ी सुरक्षा है।

---

अवेयरनेस

स्पेशलः वर्ल्ड इम्यूनाइजेशन डे, 10 नवंबर

जिस तरह बचपन में कई बीमारियों से बचाव के लिए वैक्सीनेशन किया जाता है, उसी तरह मिड एज के बाद और ओल्ड एज के लोगों को भी कुछ बीमारियों से बचने के लिए वैक्सीनेशन जरूर करवाना चाहिए। इस बारे में यूजफुल सजेशंस।

## बच्चों-बड़ों दोनों के लिए जरूरी है इम्यूनाइजेशन

हर साल 10 नवंबर को विश्व टीकाकरण दिवस (वर्ल्ड इम्यूनाइजेशन डे) मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य लोगों को टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक करना है, ताकि हर व्यक्ति संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रह सके। आमतौर पर लोग समझते हैं कि टीके सिर्फ बच्चों के लिए जरूरी होते हैं, लेकिन चिकित्सा विशेषज्ञ मानते हैं कि बड़ों और बुजुर्गों को भी कुछ आवश्यक टीके लगवाने चाहिए, जिससे कई गंभीर बीमारियों से बचाव हो सके।

बच्चों को जीवन के शुरूआती वर्षों में जरूरी टीके लगवाना जितना अहम है, उतना ही जरूरी है कि वयस्क और बुजुर्ग भी समय-समय पर अपने टीकाकरण की जांच कराएं। 40 वर्ष की उम्र के बाद शरीर की प्रतिरक्षा क्षमता धीरे-धीरे कमजोर होती जाती है, ऐसे में फ्लू, निमोनिया, टिटनेस, हेपेटाइटिस और शिंगल्स जैसी बीमारियों से बचाव के लिए टीके बहुत फायदेमंद होते हैं।

डॉक्टर्स के अनुसार, बड़ी उम्र के लोगों को कुछ टीके अवश्य लगवाने चाहिए।

### इंफ्लूएंजा (फ्लू) वैक्सीन

इंफ्लूएंजा या फ्लू एक संक्रामक श्वसन रोग है, जो इसके वायरस से होता है। यह वायरस हर साल अपने रूप बदलता रहता है, इसलिए फ्लू वैक्सीन हर साल एक बार लगवाना जरूरी होता है। यह वैक्सीन शरीर में ऐसे एंटीबॉडी बनाती है, जो इस वायरस से बचाव करते हैं। खासतौर पर बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, बच्चों, डायबिटीज, हृदय या फेफड़ों के रोगियों के लिए यह टीका बहुत फायदेमंद होता है, क्योंकि इनकी प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। फ्लू वैक्सीन से संक्रमण की संभावना लगभग 40-60 प्रतिशत तक कम हो जाती है और इससे गंभीर जटिलताओं जैसे निमोनिया का खतरा भी घटता है।






### टिटनेस, डिप्थीरिया, परट्यूसिस (टीडीएपी)

टीडीएपी वैक्सीन एक ऐसा टीका है, जो शरीर को तीन खतरनाक बीमारियों से बचाता है- टिटनेस, डिप्थीरिया और परट्यूसिस (काली खांसी)। इसे हर 10 साल में एक बार लगवाना चाहिए ताकि शरीर की सुरक्षा बनी रहे। टिटनेस अकसर जंग लगे लोहे या गंदी चोट से होने वाला संक्रमण है, जो मांसपेशियों को अकड़ा देता है। डिप्थीरिया गले में झिल्ली बनाकर सांस लेने में परेशानी पैदा कर सकता है, जबकि काली खांसी से कई हफ्तों तक तेज खांसी आती रहती है और फेफड़ों पर असर पड़ता है। यह वैक्सीन सिर्फ बच्चों के लिए नहीं, बल्कि हर वयस्क के लिए जरूरी है। कई लोग सोचते हैं कि टिटनेस का टीका केवल चोट लगने पर लगता है, जबकि सही यह है कि हर 10 साल में टीडीएपी लगवाने से शरीर इन तीनों बीमारियों से लंबे समय तक सुरक्षित रहता है।

### हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन

हेपेटाइटिस-बी एक खतरनाक वायरस जनित बीमारी है, जो हमारे लीवर (यकृत) को नुकसान पहुंचाती है। यह वायरस संक्रमित खून, सुई या असुरक्षित यौन संपर्क के जरिए फैलता है। शुरुआत में इसके लक्षण बहुत हल्के होते हैं, लेकिन समय के साथ यह लीवर इंफेक्शन, सिरोसिस या लीवर कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन इस संक्रमण से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है। इसे आमतौर पर तीन डोज में दिया जाता है। डायबिटीज मरीज और कमजोर इम्यूनिटी वाले बुजुर्ग लोगों को, हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन जरूर लगवानी चाहिए। यह सुरक्षित है और लंबे समय तक लीवर को संक्रमण से बचाती है।

### निमोनिया वैक्सीन

निमोनिया, फेफड़ों का गंभीर संक्रमण है, जो न्यूमोकॉकस नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। यह संक्रमण फेफड़ों में सूजन, तेज बुखार, सांस लेने में कठिनाई और सीने में दर्द पैदा करता है। खासतौर पर 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों, कमजोर इम्यूनिटी, डायबिटीज, हृदय रोग या फेफड़ों की बीमारी (जैसे अस्थमा या सीओपीडी) वाले लोगों में इसका खतरा ज्यादा होता है। निमोनिया वैक्सीन शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाकर इस संक्रमण से सुरक्षा देती है। डॉक्टर आमतौर पर दो प्रकार की वैक्सीन की सलाह देते हैं पीसीवी और पीपीएसवी, जिन्हें उम्र और स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार लगाया जाता है।

### शिंगल्स वैक्सीन

शिंगल्स (हरपेस जोस्टर) एक दर्दनाक त्वचा रोग है, जो वेरिसेला-जोस्टर वायरस के कारण होता है। यही वायरस बचपन में होने वाली चेचक (चिकनपॉक्स) का भी कारण होता है। चेचक के ठीक होने के बाद यह वायरस शरीर में लंबे समय तक छिपा रहता है और उम्र बढ़ने या इम्यूनिटी कमजोर होने पर दोबारा सक्रिय होकर शिंगल्स का कारण बनता है। इस बीमारी में शरीर या चेहरे के किसी हिस्से पर दाने, जलन और तेज दर्द होता है, जो कई हफ्तों तक परेशान कर सकता है। शिंगल्स वैक्सीन खासकर 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए बहुत फायदेमंद है। यह शरीर में वायरस की पुनः सक्रियता को रोकने में मदद करती है और अगर संक्रमण हो भी जाए, तो लक्षण हल्के रहते हैं। एक बार लगने वाला यह टीका लंबे समय तक सुरक्षा देता है और बुजुर्गों को दर्द और असुविधा से बचाता है। इस विश्व टीकाकरण दिवस पर संकल्प लें कि टीका केवल बच्चों के लिए नहीं, सबके लिए उपयोगी है। इसलिए बच्चों समेत सभी को वैक्सीनेशन कराना जरूरी है। *

**(अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन डॉ. अली शेर से बातचीत पर आधारित)**

---

प्रिकॉशन

डॉ. विनी कांत
सीनियर पल्मोनोलॉजिस्ट
अपोलो अस्पताल, दिल्ली

डब्ल्यूएचओ के अनुसार दुनिया भर में बच्चों की मृत्यु का सबसे बड़ा कारण निमोनिया है। विश्व निमोनिया दिवस (12 नवंबर) पर आपको दे रहे हैं इससे जुड़ी जरूरी जानकारियां।

## निमोनिया से ऐसे करें बचाव



निमोनिया सांस से जुड़ी एक गंभीर बीमारी है। जो मौसम बदलने पर सर्दी लगने या वायरस, बैक्टीरिया और फंगस के कारण रेस्पिरेटरी इंफेक्शन के कारण होती है। सेहत का ध्यान न रखने पर सर्दी, जुकाम, बुखार से शुरू होता है और धीरे-धीरे एक या दोनों फेफड़ों को संक्रमित कर निमोनिया का रूप ले लेता है। यह सभी उम्र के लोगों को प्रभावित करता है। कमजोर इम्यूनिटी के कारण पांच साल से कम उम्र के बच्चे निमोनिया का आसानी से शिकार हो जाते हैं।

**क्या है निमोनियाः** कई बार व्यक्ति वातावरण में मौजूद विभिन्न प्रकार के बैक्टीरिया, वायरस या अन्य रोगाणुओं की चपेट में आ जाता है। जो श्वास मार्ग, संक्रमित भोजन, जल या रक्त के माध्यम से अनचाहे ही शरीर में पहुंच कर इंफेक्शन फैलाते हैं और फेफड़ों में निमोनिया की वजह बनते हैं।

इंफेक्शन होने पर फेफड़ों की एल्वियोली थैलियों में सूजन, पानी या कफ जम जाती है। फेफड़े कमजोर हो जाते हैं और अपना काम ठीक तरह से नहीं कर पाते हैं। समुचित उपचार न होने पर इंफेक्शन रक्त-वाहिकाओं में पहुंचने और शरीर के दूसरे अंगों तक फैलने का अंदेशा रहता है, जिसे सेप्सिस कहा जाता है। इससे रेस्पेरेटरी फेल्यॉर हो सकता है और वेंटिलेटर मशीन पर रखने की भी जरूरत पड़ सकती है।

**इन्हें है ज्यादा रिस्कः** ऐसे बच्चों को निमोनिया होने की संभावना ज्यादा होती है, जिन बच्चों का प्री-मैच्योर जन्म होता है। जिन बच्चों का जन्म के समय वजन सामान्य से कम होता है। जिन बच्चों के सांस की नली में रुकावट या दिल में किसी प्रकार का जन्मजात विकार हो। जिस बच्चे को जन्म के समय जरूरी टीके नहीं लग पाए हों। 5 साल से कम उम्र के बच्चे।

**प्रमुख लक्षणः** निमोनिया होने पर बुखार, खांसी, उल्टी आना, कंजेशन होना, सांस लेने में दिक्कत होना, तेज-तेज सांस भरना, पसली चलना, घरघराहट की आवाज आना, बेचैनी और थकावट रहना, असामान्य चिड़चिड़ापन होना, डिहाइड्रेशन होना, भूख न लगना, कमजोरी आना, सुस्त होने या ज्यादा नींद आना, रक्त वाहिकाओं में ऑक्सीजन की कमी की वजह से त्वचा या नाखूनों की रंगत नीली होना जैसे लक्षण मिलते हैं।



**क्या है उपचारः** मरीज की स्थिति के हिसाब से उपचार किया जाता है। बैक्टीरियल निमोनिया में मरीज को एंटीबायोटिक मेडिसिन दी जाती हैं। अस्पताल में भर्ती कर इंट्रावीनस एंटीबायोटिक मेडिसिन दी जाती हैं। वायरल निमोनिया में बुखार, दर्द, एंटीवायरल मेडिसिन के साथ आराम करने और लिक्विड डाइट ज्यादा लेने की हिदायत दी जाती है। फंगल निमोनिया में एंटीफंगल मेडिसिन दी जाती हैं। गंभीर मामलों में बच्चे को अस्पताल में एडमिट करना पड़ता है।

**संभव है बचावः** निमोनिया से बचाव के कई तरीके हैं।

- वैक्सीनेशन शेड्यूल को जरूर फॉलो करें। न्यूमोकोकल कंजुगेट वैक्सीन (पीसीवी) और हीमोफिल्स इंफ्लूएंजा टाइप बी (एचआईबी) वैक्सीन निमोनिया से बचाव में प्रभावी है।
- बचपन से ही बच्चे को अच्छी ईटिंग हैबिट्स डालें। घर का बना संतुलित और पोषक आहार दें।
- बदलते मौसम में तापमान में होने वाले उतार-चढ़ाव में ध्यान रखें। ठंड से बचाएं।
- इंफेक्शन से बचाने के लिए बीमार लोगों से दूर रखें।
- व्यक्तिगत स्वच्छता पर ध्यान दें। खांसते हुए अपने मुंह और नाक को ढंक लें। हाथ धोते रहें।
- बच्चे को अधिक भीड़भाड़ या धुएं वाली जगहों पर ले जाने से बचें। *

**प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा**

## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी के पांचवें आरोपी को दबोचा

**फतेहाबाद।** साइबर अपराधों पर कार्रवाई करने संबंधी दिए गए दिशा-निर्देशों के तहत साइबर फतेहाबाद ने कॉल करके धोखाधड़ी करने वाले पांचवें आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना साइबर प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने बताया कि 12 मई को शिकायतकर्ता कृष्ण कुमार पुत्र अमीलाल निवासी ढाणी डुल्ट, थाना भुना ने शिकायत दी थी कि अज्ञात व्यक्ति ने उसके पास फोन करके 60 हजार की धोखाधड़ी की। शिकायत पर कार्यवाही की गई। मामले में पहले ही चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### पुलिस ने अवैध शराब सहित आरोपी को दबोचा

**फतेहाबाद।** एएनसी फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को अवैध शराब सहित काबू किया है। आरोपी की पहचान कर्म सिंह उर्फ कुलदीप पुत्र कृपाल सिंह, निवासी काताखेड़ी के रूप में हुई है। एएनसी प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद राय ने बताया कि 4 नवम्बर को पुलिस पार्टी गश्त के दौरान थी। इसी दौरान मुखबिर खास से प्राप्त सूचना के आधार पर गांव काताखेड़ी, जिला फतेहाबाद में दबिश दी गई। मौके पर आरोपी कर्म सिंह उर्फ कुलदीप को अवैध हथकड़ शराब सहित काबू किया गया। मौके पर की गई नापतोल में कुल 25 बोतल अवैध हथकड़ शराब बरामद की गई। पुलिस ने मौके पर ही एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

### अपेक्स स्कूल में गुरबानी कीर्तन का आयोजन

फतेहाबाद। गुरु पर्व के पावन अवसर पर अपेक्स स्कूल में भाई बलजीत सिंह जी रागी जत्था द्वारा गुरबाणी कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गुरुनानक देव जी की शिक्षाओं को छात्र-छात्राओं तक पहुंचाना रहा। सुबह शुरू हुए इस भक्ति-उत्सव में विद्यार्थियों ने शब्द-कीर्तन के माध्यम से गुरु नानक देव जी के सिद्धांतों को जीवंत किया। स्कूल के कक्षा प्ले वे तथा नर्सरी के बच्चों द्वारा एक भव्य नगर कीर्तन निकाला गया, जिसमें उन्होंने गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं को प्रदर्शित किया। इसके बाद, स्कूल में ही एक गुरुद्वारा बनाया गया और बच्चों को गुरुद्वारा भ्रमण करवाया गया, जिसमें उन्होंने गुरबानी कीर्तन और सिख धर्म के बारे में जानकारी प्राप्त की।

### दुकान से नकदी चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने चतरगढ़पट्टी सिरसा क्षेत्र में स्थित एक घर में बनी दुकान के गल्ले से 9300 रूपए की नकदी चोरी के आरोपी युवक को काबू किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार ने बताया कि चतरगढ़पट्टी सिरसा निवासी कृष्ण कुमार पुत्र सुल्तान सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह घर में ही करियाने की दुकान करता है। वह घर में खाना खाने के लिए गया था। इस दौरान दो अज्ञात युवक आए और दुकान में घुसकर गल्ले से 9300 रूपए की नकदी निकाल कर मौका से फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर थाना सिविल लाइन सिरसा में चोरी का मामला दर्जकर जांच शुरु की गई।

### चूरापोस्त के आरोपी का सप्लायर बेटा गिरफ्तार

**सिरसा।** शहर थाना सिरसा पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान एक किलो 742 ग्राम चूरापोस्त बरामदगी मामले में सप्लायर आरोपी को सी-ब्लाक सिरसा क्षेत्र से काबू किया है। गौरतलब है की बीती 30 अगस्त को एंटी नाकोटिक सेल पुलिस टीम ने रानियां बाईपास रोड सिरसा क्षेत्र से नवीन कुमार नाम को एक व्यक्ति को एक किलो 742 ग्राम चूरापोस्त सहित काबू कर थाना शहर सिरसा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ की गई थी। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार किए गए आरोपी ने बताया कि उक्त चूरापोस्त उसके लड़के संदीप कुमार ने लाकर दिया था। उन्होंने बताया कि शहर थाना की पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई की ।

## हरियाणवी ग्रुप और सोलो डांस में किया बेहतरीन प्रदर्शन

# जिला स्तरीय कल्चरल फेस्ट में नाथूसरी कलां की छात्राएं प्रथम

- मुख्यातिथियों ने वितेताओं को ट्रॉफी पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चोपटा



सिरसा। जिला स्तरीय कल्चरल फेस्ट में विजेता रही नाथूसरी कलां स्कूल की छात्राओं को ट्रॉफी देते हुए अतिथि।

जिला स्तरीय कल्चरल फेस्ट में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाथूसरी कलां की छात्राओं ने दोनों इवेंट जूनियर हरियाणवी ग्रुप डांस और सोलो में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इन प्रतियोगिताओं में ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीमों ने जिला स्तर पर भाग लिया।

नाथूसरी कलां की छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे हरियाणवी नृत्य, लोकगीत, रागनी, नाटक, चित्रकला, लोक वाद्य एवं पारंपरिक खेलों में प्रतिभागियों ने भाग लिया। छात्राओं ने अपनी प्रतिभा, लगन और मेहनत से हरियाणवी संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। विद्यालय प्रवक्ता दलबीर सिंह ने बताया कि विद्यालय की 17 छात्राएं राज्य स्तर पर सिरसा का प्रतिनिधित्व करेंगी।

इन छात्राओं ने जूनियर ग्रुप में ग्रुप डांस में एवं सोलो में छात्रा साक्षी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तर के लिए चयनित हुई कार्यक्रम में मुख्यातिथि पूर्व उप जिला शिक्षा अधिकारी सहीराम चाहर एवं कार्यक्रम नोडल अधिकारी हरबंस सिंह एईओ द्वारा विजेताओं को ट्रॉफी पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इस उपलब्धि पर उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का संकल्प व्यक्त किया।

### प्राचार्य ने विजेताओं को शुभकामनाएं दीं

प्राचार्य सतवीर सिंह ढिढारिया ने सभी छात्राओं को राज्य स्तर पर चयन होने पर बधाई दी और कहा कि हरियाणवी संस्कृति को जीवित रखना युवा पीढ़ी के हाथ में है। हमें अपनी परंपरा रीति रिवाज आगे आने वाली पीढ़ी तक बचा कर रखना है, जिससे हम एक समृद्ध राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके। टीम इंचार्ज सुलक्षणा सिहाग, सतवीर सिंह व प्राचार्य राजेश लाखलान, म्यूजिक इंचार्ज हिमांशु, मनोज कुमार, सोहन सिंह, संदीप झोरड़, सरिता चौधरी, रामनिवास शास्त्री, रितु, गीता रानी, अंकिता, सुमन, लीलाधर बेनीवाल ने शानदार उपलब्धि पर सभी छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

# सुंदर कांड पाठ कथा में आध्यात्मिक ज्ञान भंडार: स्वामी विज्ञानानंद

- स्थानीय पुलिस लाइन मंदिर में तीन दिवसीय सुंदर कांड कथा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा


सिरसा। श्री सुंदरकांड पाठ का वाचन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा स्थानीय पुलिस लाइन मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय सुंदर कांड कथा के प्रथम दिन स्वामी विज्ञानानंद ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है, जहां अध्यात्म और धर्म का गहरा प्रभाव है। भारतीय आर्यावर्त संस्कृति, विश्व की सबसे पुरानी और समृद्ध संस्कृतियों में से एक है, जिसमें धर्म का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व को शांति, प्रेम और ज्ञान की राह दिखाने वाली अद्वितीय धरोहर है। भारतीय धर्म शास्त्र वेद, उपनिषद संस्कृति का आधार हैं, जो जीवन के चार पुरुषार्थों धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष को महत्व देते हैं। उन्होंने बताया कि सुंदर कांड श्री रामचरितमानस का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो भक्त द्वारा भक्ति की प्राप्ति कर आत्म सौंदर्यवर्धन का दिव्य उद्घोष है। उन्होंने कहा कि सुंदर कांड तुलसी दास द्वारा रचित श्री रामचरितमानस का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो रामभक्त हनुमान की यात्रा को विस्तार से बताता है। सउन्होंने बताया कि भारत में राम नाम की बहुत महता है। राम नाम का जाप करने से मनुष्य के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है। यह नाम पापों को नष्ट करने वाला, आत्मा को शुद्ध करने वाला और जीवन को सकारात्मक दिशा देने वाला है। कार्यक्रम में साध्वी संतोष भारती, विष्णु अर्चना भारती, पूषा भारती और नेहा भारती ने प्रभु भक्ति और राष्ट्र भक्ति के भजन गाकर श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में राम कुमार, जुगती राम व पंडित कमल भी मौजूद थे।



# कर्म से जुड़ी भावनाओं का निरंतर निरीक्षण ही कर्मयोग: राजयोगिनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

- ब्रह्माकुमारीज संस्थान आनंद सरोवर में जीवन का आधार-गीता का सार कार्यक्रम का तीसरा दिन

ब्रह्माकुमारीज संस्थान आनंद सरोवर में जारी चार दिवसीय जीवन का आधार-गीता का सार कार्यक्रम के तीसरे दिन मुख्य वक्ता राजयोगिनी वीणा ने गीता में वर्णित कर्मयोग और राजयोग को स्पष्ट करते हुए कहा कि सुकर्म करने की कुशलता और हर दैनिक कर्म के साथ जुड़ी भावनाओं का निरन्तर निरीक्षण ही योग है। उन्होंने कर्मयोग के बारे में गीता में लिखित शोकों को कई प्रकार के दृष्टांत देकर समझाने का प्रयास किया और इसके बारे में दृष्टिकोण बदलने की भी प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि योग वास्तव में दिखावे के लिए नही स्व निरीक्षण के लिए करना चाहिए। आचार, व्यवहार और विचार का शुद्घिकरण ही राजयोग है इसलिए गीता में वर्णित कर्म सिद्घांत को समझकर उसका अनुसरण करके ही अपने संस्कार और संसार को परिवर्तन किया जा सकता है क्योंकि हमारे विचारों की प्रतिध्वनि ही हमारी दुनिया है। शिविर के तीसरे दिन बतौर मुख्यातिथि जिला कारागार के एसपी जसवंत सिंह ने कहा कि आनंद सरोवर और मुख्यालय माउंट आबू में पंहुच कर होने वाले अनुभव अति सुखद और अविस्मरणीय पल हैं, जो हमेशा जीवन को उर्जावान रखते हैं।


सिरसा। शाह मस्ताना महाराज के अवतार दिवस पर कार्यक्रम में पहुंचे श्रद्धालु।

### शाह मस्ताना महाराज के अवतार दिवस पर भंडारे का आयोजन, 134 जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल

**सिरसा।** डेरा सच्चा सौदा के संस्थापक शाह मस्ताना महाराज के 134वें अवतार दिवस का भंडारा बुधवार को शाह सतनाम-शाह मस्ताना जी धाम, डेरा सच्चा सौदा सिरसा सहित देश-दुनिया में एमएसजी भंडारे के रूप में बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित नामचर्चा सत्संग कार्यक्रम में भारी संख्या में साध-संगत ने भाग लेकर संत के अवतार महीने की खुशियां मनाईं। कार्यक्रम के दौरान साध-संगत ने डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह की शिक्षाओं पर चलते हुए मानवता भलाई कार्यों में बढ़-चककर भाग लिया। क्लाथ बैंक मुहिम के अंतर्गत 134 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। वहीं शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल में निशुल्क जन कल्याण परमार्थी चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें हृदय रोग सहित विभिन्न बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सेवाएं दीं। नामचर्चा सत्संग में कविराजों ने भजनवाणी के माध्यम से गुरु महिमा का गुणगान किया। तत्पश्चात सत्संग पंडाल में लगाई गई बड़ी एलईडी स्क्रीनों के माध्यम से डेरा प्रमुख संत गुरमीत राम रहीम के भजन-वचनों से लाभान्वित किया।

# जन्म का उद्देश्य समझो, सिमरण से ही जीवन सफल होता: बिरेंद्र

- गांव लहरावाली ढाणी स्थित सेंट सोल्जर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सत्संग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रानियां


रानियां। प्रवचन करते संत बिरेंद्र सिंह।

डेरा जगमालवाली के संत बिरेंद्र सिंह ने गांव लहरावाली ढाणी स्थित सेंट सोल्जर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सत्संग करते हुए कहा कि हमें इस बात पर विचार करना चाहिए कि हम इस दुनिया में किस उद्देश्य से आए हैं और क्या हम वही कार्य कर रहे हैं जिसके लिए हमें यह मानव जन्म मिला है। उन्होंने कहा कि यह मनुष्य जन्म 84 लाख यौनियों के बाद बड़ी मुश्किल से प्राप्त होता है। मालिक ने हमें यह अवसर दिया है कि हम जन्म-मरण के बंधन से मुक्त हो सकें, लेकिन हम यहाँ आकर अपना असली काम भूल गए हैं।

हमें सिमरण करना था, सतगुरु को याद रखना था, परंतु हम सब दुनियावी कार्यों में उलझ गए हैं। संसार के कार्य भी जरूरी हैं, पर सतगुरु का ध्यान और सिमरण करना भी उतना ही आवश्यक है। जैसे माता-पिता बच्चों को पैसे देकर सामान लाने भेजते हैं और वापसी पर हिसाब लेते हैं, उसी तरह मालिक की दरगाह में भी हर इंसान से उसके कर्मों का हिसाब लिया जाएगा। संत ने कहा कि इस दुनिया में गरीब और कंगाल को कोई नहीं पूछता, उसी तरह मालिक की दरगाह में बिना राम नाम की पूंजी वाले को कोई नहीं पूछेगा। संत ने समझाया कि यह सांसें ही हमारी असली पूंजी हैं और इन्हें व्यर्थ नहीं जाने देना चाहिए। हर इंसान को अपने जीवन में सतगुरु का ध्यान करना चाहिए, वरना समय निकल जाने पर पछताना पड़ता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य ने संसार में पद और प्रतिष्ठा की खोज तो की, लेकिन स्वयं की पहचान करने का प्रयास नहीं किया।


सिरसा। नशा मुक्ति को लेकर रैली निकालते विद्यार्थी।

# नशे से दूर रहकर सकारात्मक जीनव व्यतीत करें : ग्रोवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

- सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शा मुक्ति पर एक दिवसीय शिविर लगाया

सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों यूनिटों द्वारा नशा मुक्ति पर एक दिवसीय शिविर लगाया गया। रैली को प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि नशा समाज के लिए बेहद घातक है। नशे से न केवल मानसिक विकास बाधित होता है, अपितु इससे नकारात्मकता, संकीर्ण मानसिकता का भी जन्म होता है। इसलिए जरूरी है कि हम सदैव सक्रिय, सकारात्मक रहकर जीवन व्यतीत करें, इसी में समाज कल्याण व राष्ट्रहित है। रैली में भाग ले रहे स्वयंसेवकों ने नशे से दूर रहने का सकंल्प लिया। नशे को जड़ से मिटाना है, एक दिव्य समाज बनाना है, के जयघोष के साथ स्वयंसेवकों ने राहगीरों को नशा मुक्ति का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त नशा मुक्ति पर पोस्टर मेकिंग व भाषण प्रतियोगिता भी हुई, जिसमें नशे के विरुद्ध स्वयंसेवकों ने विचार प्रस्तुत किए। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रति तिवारी व डॉ. सरबन कंबोज ने कहा की सदैव नशे से दूर रह कर ही हम तनाव मुक्त जीवन व्यतीत कर सकते हैं।

## न्यूज डायरी

### होशियारी लाल की स्मृति में चिकित्सा शिविर 9 को

**सिरसा।** श्री ब्राह्मण महासभा की ओर से आगामी 9 नवंबर को एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर भगवान परशुराम धर्मशाला में सुबह स्व. होशियारी लाल शर्मा की स्मृति में आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में महासभा पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित कर रूपरेखा बनाई गई। सभा के महासचिव सुधीर सारस्वत ने बताया कि ब्राह्मण महासभा जिला सिरसा की कुछ दिवस पूर्व हुई बैठक में ये निर्णय लिया गया। शिविर का शुभारंभ राजकुमार शर्मा द्वारा किया जाएगा। शिविर में सिरसा के सात प्रख्यात चिकित्सकों द्वारा मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा एवं सत्यम लैब द्वारा खून की जांच की जाएगी। इस शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. ललित मोहन, नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. राधेश्याम शर्मा, महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. मोनिका गुप्ता, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. उमंग गुप्ता, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. गुंजन अग्रवाल, फिजियो थैरेपिस्ट डॉ. जयगोपाल शर्मा, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. इंद्रांशु सारस्वत अपनी सेवाएं देंगे।

### धोखाधड़ी से बेची गाड़ी घर से चोरी

**सिरसा।** एक व्यक्ति को बोलेरो गाड़ी किसी ने धोखाधड़ी से बेच दी और बाद में उसी के घर के बाहर चुरा ली। जब गाड़ी को ऑनलाइन चेक करवाई तो वह किसी और के नाम मिली। पुलिस को दी शिकायत में सिरसा निवासी दीपक ने बताया कि कल्याण नगर के सुखदीप सिंह ने उसे एक बोलेरो गाड़ी 1.50 लाख रुपए में बेची थी, जो 2014 मॉडल है। दीपक ने बताया कि गाड़ी को बेचने के लिए शपथ पत्र दिया था और गाड़ी की आरसी की फोटो प्रति दी थी, जिसमें गाड़ी सुखदीप के नाम दर्ज थी। उसने 50 हजार रुपए सुखदीप के खाते में यूपीआई के माध्यम से अपने भाई के खाते से ट्रांसफर करवाए थे और एक लाख रुपए नकद दिए थे। सुखदीप ने कहा कि वह गाड़ी उसके नाम करवा देगा। दीपक ने बताया कि गत दिवस रात्रि 3 बजे सुखदीप सिंह अपने दोस्त रविंद्र और दो से तीन अन्य दोस्त मिलकर उसके घर के आगे आया और घर के बाहर से गाड़ी को खिसकाकर ले गया। उसके पड़ोसियों ने उसे बताया कि उन्होंने गाड़ी को आगे ले जाकर स्टार्ट किया। जिसके बाद उसने सुखदीप से संपर्क किया और उसने कोई सुनवाई नहीं की। वहीं जब उसने गाड़ी की ऑनलाइन आरसी चेक की, तो वह कल्याण नगर के रविंद्र सांगवान के नाम से दर्ज मिली।

### आरोपी चोरीशुदा बाइक सहित गिरफ्तार

**डबवाली।** सीआईए डबवाली पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात का पर्दाफाश करते हुए आरोपी संजू पुत्र सूच्चा सिंह निवासी शेरगढ़ को चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित काबू किया है। सीआईए डबवाली प्रभारी उप निरीक्षक राजपाल ने बताया कि बलविंद्र सिंह पुत्र भजन सिंह निवासी शेरगढ़ ने थाना शहर में दी शिकायत में बताया कि शाम करीब चार बजे वह प्रताप नगर मंडी डबवाली में अपने परिचित के घर आया था। उसने अपनी मोटरसाइकिल बाहर खड़ी की और अंदर चला गया। कुछ देर बाद उसने बाहर आकर देखा तो उसका मोटरसाइकिल गायब था। जिस पर थाना शहर में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान सीआईए टीम ने आरोपी संजू को काबू कर चोरीशुदा मोटरसाइकिल भी बरामद कर लिया।

### नंबरदारों ने मीटिंग में अनेक मुद्दों पर की चर्चा

**सिरसा।** नंबरदार एसोसिएशन की मीटिंग बुधवार को टाऊन पार्क, सिरसा में जिला प्रधान जगजीत सिंह नंबरदार व तहसील प्रधान राजेंद्र कुमार की अध्यक्षता में हुई। इस मौके पर नंबरदारों ने चर्चा करते हुए किसानों से आह्वान किया कि पराली को आग न लगाएं। किसान पराली की गांठें व रोल बनवाएं। मीटिंग में विचार-विमर्श किया गया कि सभी तहसील प्रधानों व जिला प्रधानों की मीटिंग मध्य हरियाणा में रखी जाए। इसके साथ-साथ नई कार्यकारिणी कमेटी को लेकर भी चर्चा की गई। सभी ने सिरसावासियों को गुरुपर्व की बधाई दी। इस मौके पर होशियारचंद नंबरदार, युधिष्ठिर गोदारा, हरफूल सिंह, रणबीर सिंह नंबरदार, राकेश कुमार नंबरदार, अमीरचंद अहमदपुर, दर्शनलाल व जगराज सिंह नंबरदार भी मौजूद थे।

### नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थी छाए

**सिरसा।** जिला स्तरीय युवा महोत्सव में नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन महाविद्यालय के छात्रध्यापकों ने विभिन्न विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। युवा महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे-साईंस मेला, कविता लेखन, कहानी लेखन तथा भाषण प्रतियोगिता में छात्रध्यापकों ने अपनी अहम भूमिका निभाई। बीएड प्रथम वर्ष के छात्रध्यापक अंकित ने कहानी लेखन प्रतियोगिता में प्रथम, बीएड द्वितीय वर्ष की छात्रध्यापिका उन्नति ने कविता लेखन प्रतियोगिता में द्वितीय और साईंस मेला में खुशबू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेता ने 3100 रुपए की धनराशि, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता ने 2100 रुपए तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता ने 1100 रुपए की धनराशि इनाम स्वरूप दी गई।

## मुख्यमंत्री 8 नवंबर को सीडीएलयू में राष्ट्रीय सेमिनार में करेंगे शिरकत

# गुरु तेग बहादुर की शहादत वर्षगांठ पर देशभर से शामिल होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में आगामी 8 नवंबर को लाइफ एंड फिलॉसफी आफ श्री गुरु तेग बहादुर जी विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर विजय कुमार ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर के जीवन एवं दर्शन पर आयोजित सेमिनार का मुख्य उद्देश्य है। श्री गुरु तेग बहादुर की शिक्षाओं और जीवन दर्शन का अन्वेषण और प्रसार करना है जिसमें मानवीय मूल्यों और धर्म के लिए उनके बलिदान के संदेश पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सेमिनार का मुख्य उद्देश्य समकालीन समय में गुरु तेग बहादुर के दर्शन की प्रासंगिकता पर चर्चा करने के लिए विद्वानों और शिक्षाविदों को एक साथ लाना भी है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं हरियाणा के राज्यपाल इस सेमिनार के मुख्य संरक्षक हैं। उन्होंने बताया कि श्री गुरु तेग बहादुर के 350वीं शहादत वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले इस सेमिनार में अनेक राज्यों के शिक्षाविद शिरकत करेंगे। कुलपति ने कहा कि चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में नवंबर माह विविध शैक्षणिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन होगा। विश्वविद्यालय तीन महत्वपूर्ण आयोजनों की मेजबानी करेगा।


सिरसा। पत्रकारों से बातचीत करते सीडीएलयू के कुलपति प्रो. विजय कुमार।

### इतनी प्रविष्ठियां आईं

साइंस कॉन्क्लेव-2025 'ड़ान की समन्वयक डॉ मंजू नेहरा ने बताया कि यह कॉन्क्लेव हरियाणा स्टेट काउंसिल ऑफ साइंस इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी द्वारा प्रायोजित है और इस कॉन्क्लेव के लिए सरकारी-गैर सरकारी संगठनों तथा शैक्षणिक संस्थानों से 152 रिसर्च पेपर व पोस्टर आ चुके हैं। क्विज प्रतियोगिता के लिए 131 टीमों की एंट्री आई है और इसके अतिरिक्त 146 मॉडल्स की एंट्री आई है। निबंध लेखन प्रतियोगिता के लिए 135 प्रविष्टियां आई हैं।

### 12वां त्रिवेणी युवा महोत्सव 10 से 14 तक होगा

कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित यह कॉन्क्लेव विज्ञान, नवाचार और अनुसंधान के क्षेत्र में नई खोजों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक प्रमुख शैक्षणिक आयोजन होगा। इसमें देशभर के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा विशेष व्याख्यान, प्रदर्शनी, शोध प्रस्तुतियाँ और संवाद सत्र आयोजित किए जाएंगे। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवोन्मेषी सोच और अनुसंधान संस्कृति को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम भारत सरकार की विकसित भारत - 2047 की भावना के अनुरूप विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में नई उड़ान भरने का अवसर प्रदान करेगा। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में 12वां त्रिवेणी युवा महोत्सव 10 से 14 नवंबर, 2025 तक आयोजित किया जाएगा। युवा महोत्सव एक भारत श्रेष्ठ भारत थीम के तहत आयोजित किया जा रहा है और इसके उद्धघाटन सत्र में जाने-माने पॉप गायक गजेंद्र फोगाट को आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर प्रो. पंकज शर्मा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. राजकुमार, डॉ रविंदर, धर्मवीर, हेमंत आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### फसल बीमा डाटा गायब होना चिंताजनक : सैलजा

**फतेहाबाद।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि फतेहाबाद के किसानों की शिकायतों पर खुलासा हुआ है कि दो बैंकों से हजारों किसानों का फसल बीमा डेटा गायब है और किसानों को क्लेम नहीं मिला, हरियाणा सरकार की किसान विरोधी नीतियों और बैंकिंग व्यवस्था की लापरवाही का स्पष्ट प्रमाण है। डेटा गायब होना किसानों के साथ धोखा है। यह मामला केवल तकनीकी गड़बड़ी नहीं, बल्कि प्रशासनिक उदासीनता और भ्रष्टाचार की बू देता है।

### दीप्ति शर्मा के शानदार प्रदर्शन पर दी बधाई

**फतेहाबाद।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के आईसीसी महिला वनर्ड वल्ड कप जीतने के बाद से देशभर में जश्न का माहौल है। यह जीत न सिर्फ भारतीय क्रिकेट के लिए ऐतिहासिक रही बल्कि इस जीत की नायिका रही ब्राह्मण समाज की बेटी दीप्ति शर्मा, जिसके शानदार आलराउंड प्रदर्शन से पूरे देश को गौरवान्वित करने का काम किया है। यह बात ब्राह्मण सभा फतेहाबाद के प्रधान रामनिवास शर्मा ने ब्राह्मण समाज की शान, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को प्लेयर ऑफ दि सीरिज चुने जाने पर हार्दिक बधाई दी।

### फर्जी लोन एप से सावधान रहें : जैन

**फतेहाबाद।** सतर्क नागरिक ही साइबर अपराधियों के खिलाफ सबसे बड़ा सुरक्षा कवच हैं। आज का युग डिजिटल क्रांति का है जहाँ सुविधा के साथ खतरे भी बढ़े हैं। मोबाइल हमारी जेब में बैंक बन चुका है, पर यही मोबाइल अगर गलत हाथों में चला जाए तो पूरी जिंदगी की कमाई खतरे में पड़ सकती है। ऐसे में आम लोगों को सावधान रहना चाहिए। यह बात पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कही। एसपी ने बताया कि फर्जी लोन एप से लोग धोखाधड़ी कर रहे है।

### फसल अवशेष प्रबंधन को किया जागरूक

**फतेहाबाद।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन को बढ़ावा देने हेतु येलो जोन घोषित गांव धारनिया में बुधवार को किसानों के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खंड कृषि अधिकारी डॉ. जय कुमार भोरिया, कृषि विकास अधिकारी डॉ. अंकित ढिल्लों, कृषि प्रवेक्षक मनोज बिश्नोई एवं मनोज खिचड़ उपस्थित रहे। अधिकारियों ने किसानों को पराली जलाने से होने वाले दुष्प्रभाव जैसे मिट्टी की उर्वरता में कमी, पर्यावरण प्रदूषण व अन्य प्रभाव पड़ रहे है।

### ठगी करने के आरोप में दो गिरफ्तार, केस

**फतेहाबाद।** ऑनलाइन वीआईपी सिम नंबर देने के नाम पर ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मोहित पुत्र चरणजी लाल निवासी हिसार रोड, सिरसा तथा गगन उर्फ आशु पुत्र ओम प्रकाश निवासी खालसा स्कूल रोड, सिरसा के रूप में हुई है। थाना सदर फतेहाबाद हेल्प डेस्क प्रभारी पीएसआई बलवान सिंह ने बताया कि इस बारे मुकेश कुमार पुत्र राधेश्याम निवासी गांव चिंदड़, जिला फतेहाबाद ने थाना में शिकायत दर्ज कराई थी।

### बाइक सवार से मारपीट के आरोप में दो काबू

**फतेहाबाद।** बाईक सवार युवक से मारपीट करने और धमकाने के मामले में भूना पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना भुना प्रभारी उप-निरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि शिकायतकर्ता चिराग पुत्र कृष्णलाल निवासी वार्ड नं. 9, पुराना गुरूद्वारा बाबा राणाधीर मंदिर, भुना ने शिकायत दी थी कि नामजद आरोपियों ने उसकी बाइक को रोककर उसके साथ मारपीट की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कार्रवाई करते हुए पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## गुरुद्वारा जगजीवनपुर में गुरुपर्व पर समागम का आयोजन, संगतों ने टेका मत्था

# जिसके मन के अंदर गुरु का प्रकाश हो गया उसे किसी और सहारे की जरूरत नहीं : परमजीत

राग़ी जत्थों ने गुरु की महिमा का वर्णन कर संगत को निहाल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिसके मन के अंदर गुरु का प्रकाश हो गया उसे किसी और की जरूरत नहीं, इसलिए गुरुघर में आकर अरदास करो और कभी भी मन से गुरु को नहीं भुलाना चाहिए। यह बात कथावाचक परमजीत सिंह निसिंग वाले ने कही। वो गुरुनानक देव के प्रकाश दिवस के उपलक्ष्य में जगजीवनपुरा स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में आयोजित समागम में उपस्थित संगत के साथ गुरमत विचार साझे कर रहे थे। उनके अलावा रागी जत्था भाई पुष्विंद्र सिंह पोंटा साहिब वाले, गुरुद्वारा जगजीवनपुरा के हजूरी रागी जत्था भाई देवेंद्र सिंह, मेन बाजार स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा के हजूरी रागी जत्था भाई हरविंद्र सिंह और गुरुद्वारा गुरुनानकपुरा के हजूरी रागी जत्था ने शब्द कीर्तन के माध्यम से संगत को निहाल किया। कथावाचक ने कहा कि दीवाली पर हम अपने घर के बाहर तो रोशनी करते हैं लेकिन अपने मन के अंदर रोशनी नहीं करते है। अगर हम अपने मन के अंदर रोशनी करें तो हमारे अंदर गुरु जी के नाम की ज्योति भी उजाला करने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि आज हम गुरु नानकदेव जी का प्रकाश दिवस मना रहे है। इसको मनाने का फायदा तभी है जब हमारे अंदर भी गुरु के नाम का प्रकाश होगा। उन्होंने कहा कि हमारे शरीर को जिस तरह भूख लगती है तो हम खाना खाते है। इसी तरह आत्मा की भूख को नाम रूपी खाने की जरूरत होती है लेकिन हम सिर्फ अपने शरीर की भूख को शांत करने का काम करते है, आत्मा की भूख का नहीं। रागी जत्थों ने इस अवसर पर सतगुरु नानक प्रगट होया मिटी धुंध जग चानन होया, बाबा नानका शब्द अटूट बाबा नानका, गुरुनानक दी वढिआई, जैंसा सतगुर सुनिंदा तैसा ही मैं ढीठ, मन क्यूं बेराग करे मेरा सतगुरु पूरा आदि शब्द कीर्तन के माध्यम से गुरुओं की बाणी का गुणगान किया गया। मंच संचालन गुरुद्वारा सिंह सभा के महासचिव महेंद्र सिंह वधवा ने किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा सिंह सभा प्रबंधक कमेटी के कार्यकारी प्रधान अजीत सिंह सचदेवा, महेंद्र सिंह ग्रोवर, हरदयाल सिंह कश्मीर सिंह, जरनैल सिंह, गुरप्रीत सिंह, बलविंदर सिंह, हरमिंदर सिंह ग्रोवर, गुलशन मोंगा, राणा जोहल, गुरप्रीत सिंह बग्गा, अजमेर सिंह, अवतार मोंगा, अंकित नारंग, हरमीत ग्रोवर, राजमोहर सिंह, गुरमीत मोंगा, मोहनलाल नारंग, काकू व अन्य मौजूद रहे।



फतेहाबाद। समागम में गुरु महिमा का गुणगान करते कथावाचक। फोटो : हरिभूमि



फतेहाबाद। डीएवी स्कूल नागपुर के विद्यार्थी प्रकाश पर्व पर गुरुघर में माथा टेकते हुए।

### श्री चैतन्य टैक्नो स्कूल में गुरुपर्व पर हुआ सुखमणि साहिब का पाठ

**सिरसा।** श्री चैतन्य टैक्नो स्कूल में बुधवार को बड़ी ही श्रद्धा और उत्साह के साथ गुरुपर्व मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में सुखमणि साहिब का पाठ आयोजित किया गया, जिसमें तमाम शिक्षकगण व विद्यार्थी शामिल हुए। इस दौरान कार्यक्रम की शुरुआत गुरुग्रंथ साहिब जी के प्रकाश और सुखमणि पाठ से हुई जिसमें छात्रों एवं अध्यापकों ने भी शब्द गायन में भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या जीना धुरिया ने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों में सेवा, एकता और श्रद्धा की भावना को जागृत करते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय की यह विशेषता है कि शिक्षा के साथ-साथ देश की सांस्कृतिक धरोहर से जुड़े पर्वों को यहां पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है और शिक्षकों व विद्यार्थियों की समान रूप से सहभागिता रहती है।

### डीएवी स्कूल नागपुर में श्रद्धापूर्वक मनाया गया प्रकाश पर्व, गुरबाणी से वातावरण भक्तिमय

**फतेहाबाद।** डीएवी स्कूल नागपुर में गुरूनानक देव जी का प्रकाश पर्व बड़ी धूमधाम, श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। पूरे विद्यालय परिसर में आध्यात्मिक माहौल देखते ही बन रहा था। सर्वप्रथम स्कूल के विद्यार्थियों ने गांव के गुरूद्वारा साहिब में जाकर माथा टेका और गुरू का आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यार्थियों द्वारा मधुर गुरबाणी के गायन से हुई, जिसने वातावरण को पूर्णतः पवित्र और भक्तिमय बना दिया। इसके बाद म्यूजिक टीचर अमृतपाल सिंह की अगुवाई में विद्यार्थियों ने गुरूनानक देव जी की स्मृति में सुंदर भजन प्रस्तुत किए। स्कूल के डायरेक्टर राकेश मेहता, प्रिंसीपल रंजू मेहता व कोर्डिनेटर सलोनी ग्रोवर ने गुरूनानक देव जी के जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक शिक्षाओं को बड़े भावपूर्ण ढंग से बच्चों के सामने रखा। उन्होंने गुरूनानक देव जी के उपदेशों को आज के समय में अत्यंत आवश्यक बताते हुए सभी को मानव सेवा, भाईचारे और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। प्रिंसीपल रंजू मेहता ने कहा कि गुरू नानक देव जी किसी एक धर्म के लिए नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए आए थे। उन्होंने सभी धर्मों को साथ लेकर चलने, जाति-वर्ग के भेदभाव को मिटाने और 'एक ओंकार' का संदेश देने पर जोर दिया। इसके बाद विद्यार्थियों ने प्रसंग-आधारित नाटक, भजन प्रस्तुति, कविताएं एवं गुरु नानक देव जी के उपदेशों पर आधारित भाषण देकर सभी को प्रेरित किया।

### प्रकाश पर्व पर काताखेड़ी गांव में लगा रक्तदान शिविर

**फतेहाबाद।** सिख धर्म के प्रथम गुरु, विश्व बंधुत्व और मानव कल्याण के संदेशवाहक श्री गुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गांव काताखेड़ी स्थित गुरुद्वारा साहिब में भोग श्री अखंड पाठ साहिब का श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ आयोजन किया गया। पूर्व विधायक दुड़ाराम ने गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका। प्रकाश पर्व के मौके पर आयोजित रक्तदान कैंप में पूर्व विधायक ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर कीर्तन जत्था भाई बूटा सिंह ने गुरुवाणी का कीर्तन कर संगत को भावविभोर किया। दुड़ाराम ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने नाम जपो, कीरत करो और वंड छको का संदेश देकर समाज में समानता, प्रेम, शांति और सेवा की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महान सेवा है और इससे जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वें समाज कल्याण के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और गुरु नानक जी की शिक्षाओं को जीवन में अपनाएं। इसी दौरान गांव काताखेड़ी में नव-निर्मित सरपंच कार्यालय का उद्घाटन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गुरदीप सिंह सरपंच प्रतिनिधि, सरपंच सुलखन सिंह, सरपंच सीता राम पुनिया, सरपंच अरविंद सिहाग, मलकीत सिंह, हरपाल सिंह, कुलवंत सिंह, काला सिंह, संदीप सिंह, रजत सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### चोपटा के शिव मंदिर में धूमधाम से मनाया गुरु नानकदेव का प्रकाशोत्सव

**चोपटा।** नाथूसरी चोपटा के शिव मंदिर में गुरु नानक देव के 556वें जन्मदिन को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सरपंच रीटा कासनियां, चोपटा थाना प्रभारी राधेश्याम, हवलदार दलबीर सिंह, सतपाल, मास्टर दिनेश कुमार जांगड़ा, कुलवंत सिंह, रणजीत सिंह, डॉ. सुखी देवी बैनीवाल, डॉ. सदा नंद, पूर्व सरपंच रणजीत कासनियां ने भाग लिया। रणजीत सिंह ने गुरुदेव के जीवन पर प्रकाश डाला। दिनेश कुमार जांगड़ा ने गुरु गोविंद सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा आज हम सब यहां गुरु नानक देव की जयंती मनाने के लिए एकत्र हुए हैं। जोकि सिख धर्म के प्रथम गुरु और महान संत, विचारक एवं समाज सुधारक थे। उन्होंने कहा कि ना कोई हिंदू, ना कोई मुसलमान -सब इंसान हैं। गुरु नानक देव जी ने सच्चे प्रेम, सत्य, समानता और सेवा का मार्ग दिखाया। उन्होंने नाम जपो, किरत करो, वंड छको-यानी ईश्वर का स्मरण करो, ईमानदारी से काम करो और दूसरों के साथ बांटकर खाओ- यही जीवन का सच्चा संदेश दिया। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि धर्म का असली अर्थ मानवता की सेवा है।



सिरसा। गुरु नानकदेव का प्रकाशोत्सव मनाते हुए। फोटो : हरिभूमि



फतेहाबाद। सीए फाउंडेशन परीक्षा में सफलता पाने वाले क्रेसंट स्कूल के विद्यार्थी।

### क्रेसंट स्कूल के विद्यार्थियों ने सीए फाउंडेशन परीक्षा में अर्जित की उत्कृष्ट सफलता

**फतेहाबाद।** क्रेसण्ट स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों ने हाल ही में घोषित सीए फाउंडेशन परीक्षा, सितंबर सत्र के परिणामों में शानदार सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के आठ विद्यार्थियों जीवांश, खुशबू, हर्षित, लैविश, लविश, मानसी, पारस एवं साहिल ने अपने प्रथम प्रयास में ही इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता अर्जित की। विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनके दृढ़ संकल्प, निरंतर परिश्रम तथा शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। इस सफलता ने विद्यालय परिवार के साथ-साथ अभिभावकों को भी गर्व से भर दिया। प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने यह सिद्ध कर दिया कि अनुशासन, समर्पण एवं सतत प्रयास के बल पर कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, शिक्षकों की प्रतिबद्धता एवं अभिभावकों के निरंतर सहयोग का प्रतिफल है। क्रेसंट परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं एवं विश्वास व्यक्त किया कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता के नए आयाम स्थापित करते रहेंगे।

## आदर्श स्कूल दरियापुर के होनहारों ने पास किया सीए फाउंडेशन और नीट

- प्रिंसिपल ने विद्यार्थियों के परिश्रम को जमकर सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

शिक्षा के क्षेत्र में गांव दरियापुर स्थित आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। हाल ही में घोषित हुए सीए फाउंडेशन के नतीजों में स्कूल के मेधावी छात्रों ने शानदार सफलता हासिल कर स्कूल और अभिभावकों का नाम रोशन किया है। स्कूल की दोहरी सफलता में, आंचल चौधरी पुत्री सुनील कुमार निवासी बोदीवाली और पीयूष वर्मा पुत्र बजरंग कुमार निवासी डिंग मंडी ने 12वीं कॉमर्स की पढ़ाई पूरी करने के साथ ही देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक सीए फाउंडेशन का पेपर क्लियर कर लिया है। उनकी यह उपलब्धि यह दर्शाती है कि सही मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत से बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। वहीं, स्कूल की पूर्व छात्रा मिनल पुत्री सत्यपाल निवासी हरिपुरा ने चिकित्सा के क्षेत्र में बड़ी कामयाबी हासिल की है। मिनल ने अपनी लगन के दम पर अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में दाखिला सुनिश्चित किया है। स्कूल की प्रिंसिपल ने कहा, हमें अपने इन होनहार छात्रों पर गर्व है। उनकी मेहनत और लगन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। हमें उम्मीद है कि ये सभी छात्र भविष्य में अपने सपनों को पूरा करेंगे और अपने क्षेत्र का नाम रोशन करेंगें।



फतेहाबाद। आदर्श स्कूल के होनहार विद्यार्थी।

### विद्यार्थियों ने किया एचएयू का शैक्षणिक भ्रमण

**फतेहाबाद।** मनोहर मैमोरियल कॉलेज फतेहाबाद के डिपार्टमेंट ऑफ लाइफ साइंस के 50 विद्यार्थियों ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण को लेकर विद्यार्थियों में काफी उत्साह नजर आया। विद्यार्थियों के दल को वाइस प्रिंसीपल डॉ. मीनाक्षी कोहली और आईक्यूएसी कोर्डिनेटर डॉ. विजय गोयल ने शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने एचएयू हिसार में कॉलेज ऑफिस फिशरीज साइंसेस, ऑर्गेनिक फार्मिंग विभाग, मशरूम कल्टीवेशन यूनिट आदि विभागों का दौरा किया। ऑफिस फिशरीज साइंसेस से डॉ. कविता शर्मा का विशेष सहयोग रहा। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न विभागों की गतिविधियों को नजदीक से देखा, वहां के विशेषज्ञों से बातचीत की और व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने कृषि, मत्स्य पालन, जैविक खेती और मशरूम उत्पादन से संबंधित नई तकनीकों की जानकारी भी हासिल की। इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यार्थियों के साथ जीव विज्ञान विभाग से सहायक प्रोफेसर प्रो. श्रुति, बॉटनी विभाग से सहायक प्रोफेसर प्रो. मंजू कड़वासरा एवं प्रो. मुकुल मार्गदर्शक के रूप में उपस्थित रहीं।




फतेहाबाद। एचएयू हिसार का भ्रमण करते एमएम कॉलेज के विद्यार्थी।

## श्री रघुनाथ मंदिर में श्रीरामचरित मानस पाठ का हर्षोल्लास से भोग डाला

# कलयुग में राम-नाम उद्धारक मंत्र, प्रतिदिन करे भगवान का जाप : शर्मा

मंदिर सभा द्वारा लगाए भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद चखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

श्री रघुनाथ मंदिर में कार्तिक मास के उपलक्ष्य में रखे गए श्रीरामचरित मानास पाठ का आज कार्तिक पूर्णिमा पर भोग डाला गया। पूरे कार्तिक माह के दौरान श्रद्धालुओं ने श्रीरामचरित मानस जी के पाठ किया। प्रधान टेकचन्द मिढ्ढा ने बताया कि कार्तिक माह शुरू होने पर 7 अक्तूबर को पाठ शुरू किया गया था, जिसमें पुजारी राकेश शर्मा तथा साधकों ने संगीतमय पाठ किया। आज पाठ का भोग डाला गया। पुजारी राकेश शर्मा ने श्रद्धालुओं को श्रीरामचरित मानस की अनेक दोहे-चौपाईयों का सार बताते हुए श्रीरामचरित मानस की शिक्षाओं को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को श्रीरामचरित मानस का पाठ दैनिक आधार पर करना चाहिए, चाहे तो वे थोड़ा-थोड़ा करके पाठ करें। उन्होंने कहा कि इस कलियुग में केवल राम का नाम ही उद्धारक मंत्र है, इसलिए हमें प्रतिदिन रामनाम का जाप करना चाहिए।

इस मौके पर राघव शर्मा ने भी श्रीरामचरित मानस पर प्रकाश डाला तथा श्रद्धालुओं को श्रीरामचरित मानस की महत्ता बताई। मंदिर सभा की ओर से श्रद्धालुओं के लिए चाय, रसगुल्लों, ब्रेड-पकोड़ों, बर्फी, हलवा इत्यादि का प्रसाद वितरण किया गया। श्रीरामचरित मानस के समापन के मौके पर उमंग सरदाना, वेदप्रकाश नारंग, वंश नारंग, सुशील रेल्हन व शुभम मेहंदीरत्ता ने भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में मंदिर सभा के प्रधान टेकचंद मिढ्ढा ने श्रीरामचरित मानस के दौरान पूरे माह मंदिर में पाठ करने वाले साधकों, श्रोताओं व श्रद्धालुओं का धन्यवाद किया।



फतेहाबाद। श्री रघुनाथ मंदिर में श्रीरामचरित मानस पाठ के भोग के अवसर पर मौजूद श्रद्धालु।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर उपप्रधान कैलाश बतरा, सुनील आहूजा एडवोकेट, हंसराज ग्रोवर, भीमसेन नारंग, मोहन लाल नारंग, चंद्रभान नागपाल, वेद प्रकाश नारंग, हंसराज रेल्हन, किट्टू बजाज, दीवान चंद नागपाल, उमंग सरदाना, जेलेश ठक्कर, मुकेश नागपाल, बंटी निझारा, लविश ग्रोवर, आशू गिल्होत्रा, विनोद तेहरिया, मोहित बजाज, डा. कौशल शर्मा, सुभाष सरदाना, सुशील तनेजा, अनिल सरदाना, जितेन्द्र सरदाना, सुशील रेल्हन, भरत बजाज, सुशील मखीजा, लव शर्मा, वेदप्रकाश मैहता, ललित मैहता, नरेश निझारा, रवि शर्मा, अनिल कथूरिया, राजन कथूरिया, परमानंद नांरग, रतन टुटेजा, नरेन्द्र टुटेजा, भीमसेन बजाज, सुंदर मैहता, नवीन कथूरिया, बहन आत्मा देवी सहित सैंकड़ो साधक व भक्तगण मौजूद थे।